05.11.2024

Secy.
5/11/24

O.S.(C) 5/11/24

38-SHS
5.11.2024

सेवा में,

माननीय अध्यक्ष महोदय,
हरियाणा विधानसभा,
चंडीगढ़।

विषय हरियाणा विधानसभा में प्रकिया व कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत नोटिस।

अध्यक्ष महोदय,

मैं इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। महोदय, प्रदेश में किसानों को डीएपी, यूरिया खाद समय पर न मिलने की वजह से बहुत परेशान है। रबी फसलों की बिजाई खाद की कमी की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुई है क्योंकि सरकार समय पर किसानों को डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध करवाने में विफल रही है। प्रदेश के किसान खाद न मिलने के विरूद्ध सड़कों पर धरना–प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं और किसानों को कई–कई घंटों तक लाईन में खड़े रहना पड़ा है परंतु फिर भी उन्हें खाद समय पर नहीं मिल पाया। किसानों को समय पर खाद न मिलने के कारण गेहूं व सरसों की फसल को बुरा असर पड़ना लाजिमी है। सूचना के अनुसार प्लाईवुड उद्योग मे टेक्निकल खाद का प्रयोग होता है और उसकी कीमत 3 हजार रूपये प्रति बैग है जबकि सब्सिडी वाले बैग कीमत लगभग 300 रूपये है इसलिए इसकी खाद एजेंसी संचालकों की मिलीभगत से कालाबाजारी भी सामने आई है। उपरोक्त गम्भीर समस्याओं को लेकर प्रदेश के किसानों में सरकार के प्रति भारी गुस्सा व रोष व्याप्त है।

अतः सरकार इस सदन में अपना वक्तव्य दे।

धन्यवाद।

दिनांकः 05-11-2024

भवदीय

(आदित्य देवीलाल)
विधायक डबवाली।

सेवा में,

माननीय अध्यक्ष,
हरियाणा विधान सभा,
चण्डीगढ़।

विषय :- हरियाणा विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 73 के तहत ध्यानाकर्षण सूचना।

महोदय,

मैं इस महान सदन का ध्यान एक अति लोकहित के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि प्रदेश में किसानों को रबी की फसल की बुआई के लिए डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नूँह जिले के इंडरी गांव की सहकारी समिति पर डीएपी खाद आया तो वहां कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों ने किसानों को यह कहा कि जिनकी फ़सल "मेरा फसल मेरा ब्यौरा" पर आनलॉइन रजिस्टर्ड है उनको ही खाद दिया जाएगा जिसके कारण किसानों में भारी रोष है। प्रदेश में डीएपी खाद की समस्या पिछले एक महीने से बनी हुई है।

इसके अलावा सरकार के प्रतिदिन अलग-अलग आदेश भी किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। आज प्रदेश में डीएपी खाद की इतनी कमी हो गई है। किसानों को ब्लैक में डीएपी खाद लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण एक तरफ तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ किसान डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण रबी की फ़सल की बुआई के लिए परेशान हो रहे है।

सरकार किसानों को डीएपी खाद देने में असफल साबित हो रही है। सरकार दावा कर रही है कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नही है जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और है।

अतः मैं सरकार से निवेदन करता हू कि वह इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें।

भवदीय,

दिनांक : 07.11.2024

(आफताब अहमद)
विधायक, नूहँ

C.A. No. 11

09.11.2024

67-SHS
09.11.2024

Secy, 9/11/24

DSE(T) 9/11/24 CA

माननीय अध्यक्ष
हरियाणा विधानसभा
चंडीगढ़
विषय:हरियाणा विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत ध्यान आकर्षण सूचना
महोदय,

मैं इस महान सदन का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण लोकहित विषय की ओर दिलाना चाहता हूं।

विषय: डीएपी खाद की कमी

हरियाणा में रबी फसल की बुवाई के सीजन के दौरान डीएपी खाद की भारी कमी से किसानों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी खाद की बढ़ती मांग के कारण किसानों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, और कई जगहों पर पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि हरियाणा में डीएपी खाद का संकट उत्पन्न हुआ है; 2021 में भी गेहूं और सरसों की बुवाई के दौरान इसी प्रकार का संकट देखा गया था, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।

खाद की कमी का गंभीर परिणाम: उकलाना मंडी में जींद के नरवाना के भीखावाले गांव के राम भगत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है।

धन्यवाद।

अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि वह इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें

भवदीय,

जस्सी पेटवाड़
विधायक, नारनौंद

Recd at 2.27 PM
13.11.24

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव
S.A.No. 16

Received at 2.09 PM
13.11.2024

96-SHS
13.11.2024

13/11/24 CA

13/11/24
DS(L) Secy.

माननीय अध्यक्ष जी मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय पर दिलवाना चाहता हूं, कि हरियाणा में अब रबि की फसल की बुआई का समय चल रहा है, परन्तु अभी तक किसानों को D.A.P उपलब्ध नहीं हो पाई है, किसान सड़कों पर है। अतः मेरा अनुरोध है कि इसपर सरकार से जवाब मांगा जाए व चर्चा हो।

धन्यवाद

Shishpal Singh
Kehanwali
MLA Kalanwali

Date 13.11.2024